# गन्ना एसएपी में बढ़ोतरी की घोषणा करेगी सरकार

## चर्चा में क्यों?

3 सितिंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के गन्ना वकिास मंत्री सुरेश राणा ने लखनऊ में पत्रकारों को बताया कि राज्य सरकार जल्द ही नवंबर से शुरू होने वाले अगले **गन्ना** पेराई सत्र के लिये गन्ने के राज्य सलाहकार मूल्य (State Advisory Price- SAP) में बढ़ोतरी की घोषणा करेगी।

## प्रमुख बिंदु

- उन्होंने कहा कि वर्तमान में गन्ने की प्रारंभिक किस्म के लिये गन्ना SAP 325 रुपए प्रति क्विंटल और अस्वीकृत किस्म के लिये 315 रुपए प्रति क्विंटल है।
- गौरतलब है कि योगी सरकार ने अक्तूबर 2017 में गन्ना पेराई सत्र 2017-18 के लिये एसएपी में 10 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की थी। हालाँकि पिछले तीन वर्षों से, चीनी उत्पादन में वृद्धि के कारण SAP में वृद्धि नहीं की गई है, जो कि महामारी के कारण वर्ष 2020 में मांग में भारी गिरावट के साथ युग्मित है।
- उन्होंने कहा कि देश भर में **गन्ना पेराई व गन्ना उत्पादन में उत्तर प्रदेश नंबर वन** है। साथ ही **इथेनॉल के उत्पादन में भी नंबर एक** है।
- इस सत्र में 4,289 लाख मीट्रिक टन गन्ने की रिकॉर्ड पेराई की गई है। पहले गन्ने की खेती का रकबा 20 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 28 लाख हेक्टेयर हो गया है।
- मंत्री राणा ने कहा कि योगी सरकार ने बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू कराया और इसके जरिये 35 हज़ार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार दिया गया।
- साथ ही उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने चार वर्ष में अब तक गन्ना किसानों को 1,42,311 करोड़ रुपए का भुगतान किया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-advisory-price-for-sugarcane